आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार

दिनांक-02.10.2023 समय-2.10PM

<u>मेट्रो रेल ट्रॉयल</u>

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज भोपाल में मेट्रो रेल ट्रॉयल रन का हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया। ट्रायल रन सुभाष नगर स्टेशन से रानी कमलापति स्टेशन तक पांच किलोमीटर की दूरी तक हुआ। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भी मेट्रो का सफर किया। उन्होंने मेट्रो के ट्रायल रन के अवसर पर शहर वासियों को बधाई थी। भोपाल मेट्रो रेल परियोजना की स्वीकृत लागत 6941 करोड़ रुपये है। भोपाल में पहले चरण में लगभग 30.95 किलोमीटर पर मेट्रो रेल का काम चल रहा है। इसमें 16.77 किलोमीटर ऑरेंज लाइन- एम्स से करोंद चौराहा तथा 14.18 किलोमीटर ब्ल्यू लाइन- भदभदा चौराहा से रत्नागिरी तिराहे को जोड़ेगी।

<u>स्टेट मीडिया सेंटर</u>

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज भोपाल के मालवीय नगर में स्टेट मीडिया सेंटर का भूमि-पूजन किया।
मुख्यमंत्री श्री चौहान ने गत 7 सितम्बर को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त स्टेट मीडिया सेंटर के निर्माण की घोषणा की थी। भोपाल के मालवीय नगर में स्टेट मीडिया सेंटर का निर्माण 66 हजार 981 वर्गफीट में किया जाएगा। भवन में भू-तल और तीन तल का निर्माण किया जाएगा। मीडिया सेंटर में एक्जीविशन हॉल, ऑर्ट गैलरी, ऑडिटोरियम, प्रेस कॉन्फ्रेंस कक्ष, बेंक्वेट हॉल, बेडमिंटन कोर्ट, रेस्टोरेंट, लायब्रेरी, मल्टीमीडिया रूम, जिम्नेजियम, इण्डोर गेम हॉल, पत्रकारों के लिये वर्क स्पेस आदि का प्रावधान किया गया है। मीडिया सेंटर में रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम के साथ ही सोलर पैनल भी लगाए जाएंगे।

<u>मृदा विज्ञान सोसायटी</u>

भारतीय मृदा विज्ञान सोसायटी (आईएसएसएस) का 87वां वार्षिक सम्मेलन 3-6 अक्टूबर, 2023 तक भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। इसका शुभारंभ आज राज्य के कृषि मंत्री कमल पटेल ने किया। कार्यक्रम का आयोजन आईसीएआर-

भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान में आयोजित किया जा रहा है। आईएसएसएसएस की स्थापना 22 दिसंबर को कलकत्ता में हुई थी।

मौसम

मौसम विभाग ने प्रदेश के रीवा और शहडोल संभाग में अगले आज और कल को तेज बारिश के आसार जताया हैं।सिंगरौली, अनूपपुर जिलों में मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं, सीधी, रीवा, सतना, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, बालाघाट जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 4 से 5 दिन में प्रदेशभर से मानसून की विदाई पूरी तरह हो जाएगी। 15 अक्टूबर से रात का तापमान 18 से 20 डिग्री तक पहुंच जाएगा। इस बीच प्रदेश के कुछ जिलों में हल्की बारिश हो रही है, वहीं अन्य जिलों में तेज धूप के कारण तापमान बढ़ने लगा है। सोमवार को मंडला और खजुराहो में आधा इंच पानी गिरा। भोपाल, बालाघाट के मलाजखंड, जबलपुर, सतना और पचमढ़ी में बूंदाबांदी हुई। प्रदेश के कई शहरों में दिन का तापमान बढ़ा हुआ रहा। भोपाल में तापमान 33 डिग्री के पार पहुंच गया। गुना में 35.7 डिग्री, ग्वालियर में 35.3 डिग्री, उज्जैन में 35.8 डिग्री, दमोह में 35 डिग्री तापमान रहा।

एशियन गेम्स

एशियन गेम्स के दसवें दिन आज भारत ने कैनोइंग में कांस्य पदक के साथ शुरुआत की। अर्जुन-सुनील की जोडी ने 1000 मीटर कैनो स्प्रिंट में यह पदक जीता। भारत के अब तक 13 स्वर्ण, 24 रजत, 24 कांस्य सहित 61 पदक जीत लिए है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई खेलों में अपना शानदार प्रदर्शन करने के लिए भारतीय खिलाडियों को बधाई दी है। श्री मोदी ने आज सोशल मीडिया पर संदेश में एशियाई खेलों में महिलाओं की तीन हजार मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर प्रीति लांबा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रीति लांबा की अटूट दृढ़ता और निश्चित संकल्प प्रेरणा की किरण के रूप में चमक रहे हैं। प्रधानमंत्री ने चार गुणा चार सौ मीटर मिक्सड रिले स्पर्धा में रजत पदक जीतने के लिए भी बधाई दी।